एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI),
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय–इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक 726/प्रवेश/MAHSI/2024 इंदौर, दिनांक 01/03/2024

एमपीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसिलिंग व MOP-UP ROUND काउंसिलिंग सूचना

स्वशासी महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की स्वायत्त स्ववित्त पोषित संस्था एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु जारी सूचना क्र. 235/प्रवेश/MAHSI/2024 दिनांक 29–01–2024 के अनुसार विभिन्न एम.पी.टी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 01–02–2024 को आयोजित प्रथम काउंसिलिंग प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत निम्नलिखित 22 रिक्त सीटों पर दिनांक 25–01–2024 को आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम के अनुसार उपयुक्त आवेदकों को **सोमवार, दिनांक 11–03–2024 को प्रातः 9.00 बजे** एम.पी.टी. पाठ्यक्रम में द्वितीय काउंसिलिंग एवं MOP-UP ROUND काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश हेतु संस्था MAHSI, के.ई.एच. कंपाउंड, म.य. चिकित्सालय परिसर, इंदौर में आमंत्रित किया जाता है –

रिक्त उपलब्ध सीटों का विवरण

S.N	NAME OF COURSE	TOTAL
1.	MPT Neurology	02
2.	MPT Sports	01
3.	MPT Cardiothoracic	05
4.	MPT Obstetrics & Gynecology	04
5.	MPT Geriatric	05
6.	MPT Oncology	05
	कुल रिक्त/उपलब्ध सीट	22

नोट :– काउन्सलिंग प्रक्रिया निम्नानुसार **संपन्न** की जावेगी–

i) ऐसे आवेदक जो प्रथम काउंसलिंग में उपस्थित हुए किन्तु उनके चाहे गए पाठ्यक्रम में सीट उपलब्ध नहीं होने/अन्य कारण से प्रवेश नहीं लिया एवं द्वितीय काउंसलिंग हेतु अनुरोध किया गया है।

ii) ऐसे आवेदक, जिन्होंने प्रवेश हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किये थे, किन्तु किन्ही कारणो से काउंसलिंग में सम्मलित नहीं हो सके।

iii) ऐसे इच्छुक आवेदक जो अभी तक प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके है, किन्तु संस्था में एम.पी.टी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक है, उनके लिए **द्वितीय काउंसिलिंग पूर्ण होने पर रिक्त सीटों की MOP-UP ROUND काउंसिलिंग का आयोजन निम्नानुसार किया जावेगा** –

(1) दिनांक 09–03–2024 प्रातः 10.00 बजे तक ऑफलाइन आवेदन जमा किये जा सकते हैं। प्रवेश विवरणिका में उल्लेखित नियमानुसार प्रातः 11.00 बजे द्वितीय एम.पी.टी, प्रवेश परीक्षा आयोजित की जावेगी।

(2) द्वितीय एम.पी.टी. प्रवेश परीक्षा का परिणाम 09–03–2024 को ही अपराह्न 4.00 बजे तक संस्था के नोटिस बोर्ड पर घोषित किया जावेगा। द्वितीय एम.पी.टी. काउंसिलिंग दिनांक 11–03–2024 प्रातः 9.30 बजे आयोजित की जावेगी।

(3) एम.पी.टी, द्वितीय काउंसिलिंग उपरांत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त रही सीटों पर **MOP-UP ROUND एम.पी.टी. काउंसिलिंग** द्वारा प्रवेश प्रदान किये जा सकेंगे।

एम.पी.टी. पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

1. प्रवेश हेतु सीटों के आवंटन में मध्यप्रदेश राज्य शासन के आरक्षण संवधी नियमो का प्रावधान है।
2. काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश हेतु दर्शायी गई नियत तिथि व समय पर संबंधित आवेदक को समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं पाठ्यक्रम अनुसार निर्धारित शुल्क के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है, आवेदकों को पृथक से कोई कॉल लेटर/सूचना जारी नहीं की जावेगी।
3. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर जारी प्रवेश विवरणिका 2023–24 के नियम निर्देशों एवं शुल्क विवरण का अवलोकन कर लेवे एवं उक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है, प्रवेश के दौरान आवश्यक दस्तावेज/शुल्क जमा न करवा पाने पर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा एवं सीट मेरिट लिस्ट के अनुसार आगामी आवेदक को आवंटित कर दी जावेगी।
4. काउंसलिंग में सम्मलित होने आवेदकों को किसी भी प्रकार का किराया/यात्रा भत्ता संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
5. हॉस्टल सुविधा केवल कन्या छात्राओं हेतु वार्षिक शुल्क रुपये 20,000/– के भुगतान पर संस्था के छात्रावास में सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जावेगी।
7. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर काउंसिलिंग में सम्मलित होना अनिवार्य है, विलंब से उपस्थित होने की दशा में आवेदक का वरीयता सूची संबंधी दावा निरस्त माना जावेगा एवं उन्हें तत्समय उपलब्ध/रिक्त सीटों में से ही प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा।

नोट : काउंसलिंग तिथि/समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना वेबसाइट www.mahsimgm.in एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जावेगी, उक्तानुसार अवलोकन करते रहे।

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर